न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर

अपील संख्या– 63/2014 अंतर्गत धारा–76 एल.आर.एक्ट

(GCMS No. 2014/00191)

अनवान:

1. हंसराज पुत्र पतराम निवासी 1 एमकेबी (उड़सर) तहसील रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर वगैरह।

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये राजकीय अभिभाषक।
2. कृष्ण लाल उर्फ किरसन पुत्र भजन लाल जाति विश्नोई निवासी का उड़सर तहसील रायसिंहनगर वगैरह।

27.05.2024

पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभिभाषकगण उपस्थित। अभिभाषक अपीलान्ट को रेस्पोडेंट संख्या 11, 12, 15, 16, 17 व 25 ता 27 के निमित सम्मन प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 01.09.2014 से लगातार पाबन्द किया जाता रहा है, किन्तु अभिभाषक अपीलान्ट को बार–बार पाबन्द किये जाने के बावजूद आदिनांक सम्मन प्रस्तुत नही किये हैं। अपीलान्ट द्वारा जरिये अभिभाषक न्याय की वांछा लेकर इस न्यायालय में यह अपील प्रस्तुत की गयी, लेकिन अभिभाषक अपीलांट को लगातार पाबन्द करने के बावजूद भी आदिनांक तक सम्मन प्रस्तुत नहीं किये है। न्याय चाहने की तत्परता व कोशिश का अभाव अपील चलाने में अरुचि जाहिर करती है। अतः उक्त अपील अपीलान्ट राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 63(2) के तहत अदम तकमील में खारिज की जाती है। आदेश की प्रति अपील पत्रावली में शामिल होकर एवं अधीनस्थ न्यायालय का रिकार्ड प्रेषित होकर पत्रावली सुव्यवस्थित रखी जावे। आदेश आज दिनांक 27.05.2024 को सुनाया गया।

27/5/24

(वन्दना सिंघवी)
संभागीय आयुक्त,
बीकानेर